वार्तालाप-575 ताडेपल्लिगुडेम, दिनांक 28.05.08

Disc.CD No.575, dated 28.5.08 at Tadepalligudem-I
Extracts-Part-1

समयः 02.50-04.00

जिज्ञासुः बाबा, ड्रामा हमसे पुरुषार्थ कराता है। कैसे?

बाबाः ड्रामा कहो, धर्मराज कहो, शिवबाबा कहो, शिवबाबा खुद तो पुरुषार्थ करते नहीं। बच्चों से कराते हैं। अब ड्रामा का नाम ले लो चाहे शिवबाबा का नाम ले लो। ड्रामा का नाम लेंगे तो 63 जन्मों के हमारे कर्म ही ड्रामा हैं। क्या? 63 जन्मों में हमने जो कर्म किये हैं। अच्छे कर्म किये हैं तो हमारा अच्छा ड्रामा बना है। और बुरे कर्म किये हैं तो बुरा ड्रामा बना है। तो ड्रामा जो है वो हमसे अच्छे बुरे पुरुषार्थ कराता है।

Time: 02.50-04.00
Student: Baba, drama enables us to make *purusharth* (spiritual effort). How?
Baba: Call it drama, call it Dharmaraj, call it Shivbaba; Shivbaba does not make *purusharth* Himself. He enables the children to make *purusharth*. Call it drama or call it Shivbaba. If you call it drama, then the actions of our 63 births themselves are drama. What? Whatever actions we have performed in the 63 births; if we have performed good actions, our drama has become good. And if we have performed bad actions, then our drama has become bad. So, the drama enables us to make good or bad *purusharth*.

समयः 04.08-21.10

बाबाः एक प्रश्न आया है कि किसी कैसट में बोल दिया कि तुम बच्चे ड्रामा को भी चेन्ज कर सकते हो। तो क्या जगदम्बा भी अपना ड्रामा चेन्ज कर सकती है? जगदम्बा का पार्ट क्या है? सारे जगत की अम्बा माने सारे जगत की माता। इस मनुष्य सृष्टि पर एक भी ऐसा मनुष्य नहीं है जो उस माता की गोद में न खेलता हो। कौन है वो? अरे पृथ्वी ही तो माता है। ये जो पृथ्वी है, वो सारे जगत की माता है। कोई ऐसा मनुष्य मात्र है जो पृथ्वी की गोद में न खेला हो? है कोई? सभी खेलते हैं। तो वो माता, पृथ्वी माता कहो, जगदम्बा कहो, महाकाली का रूप धारण करने वाली कहो, क्या अपना पार्ट चेन्ज कर सकती है?

Time: 04.08-21.10
Baba: A (written) question has been asked: It has been said in a cassette that you children can change the drama as well. So, can Jagdamba also change her drama? What is Jagdamba's part? The *amba* of the entire *jagat* means the mother of the entire world. There is not even a single human being in this human world who does not play in the lap of that mother. Who is she? *Arey*, the Earth itself is the mother. This Earth is the mother of the entire world. Is there any human being who hasn't played in the lap of the Earth? Is there anyone [like this]? Everyone plays [in her lap]. So that mother, call her Mother Earth, call her Jagdamba, call her the one who takes the form of Mahakali, can she change her part? ☺

कौनसा पार्ट चेन्ज करने की बात है? चेन्ज करने वाली बात क्यों पैदा होती है? अज्ञानता से पैदा होती है या ज्ञान से पैदा होती है ड्रामा को चेन्ज करने वाली बात? मान लो कोई भी आत्मा का कोई पार्ट है ड्रामा में वो कोई भी आत्मा का कोई पार्ट ड्रामा में नूंधा हुआ है, तो कल्याणकारी है

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

उस आत्मा के लिए और सारे विश्व के लिए या अकल्याणकारी पार्ट है? कल्याणकारी है। जबकि बोल दिया कि हर आत्मा अपने पार्ट से अंत में संतुष्ट हो जावेगी। कोई भी आत्मा ऐसी नहीं बचेगी जो अपने पार्ट से असंतुष्ट हो। कोई चेन्ज करने की बात आती है? और रही अगर कहीं वाणी में बोल दिया कि तुम बच्चे अपने पार्ट को भी चेंज कर सकते हो। जैसे कि महाकाली का पार्ट है सारे जगत का संहार कर देना। सबको अनिश्चय में ले आना। सारी ब्राह्मणों की दुनिया अनिश्चय रूपी मृत्यु के काल के गाल में समा जावे। ऐसा करने से महाकाली की जीत होगी या जन्म-जन्मान्तर की प्राप्ति की हार होगी? स्थापना से भाग्य बनता है या विनाश से भाग्य बनता है? स्थापना करने से भाग्य बनता है। और विनाश करने से, अनिश्चय पैदा करने से?

It is about changing which part? Why does the topic of changing [the drama] arise? Does the topic of changing the drama arise due to ignorance or due to knowledge? Suppose, a soul has a part in the drama; so, if a soul has a part fixed in the drama, is it beneficial for that soul and for the entire world or is it a harmful part? It is beneficial. When it has been said: 'every soul will be satisfied with its part in the end. There will not be any soul which remains unsatisfied with its part.' Then, does the question of changing [the drama] arise? And if it is said in some *vani* that you children can change your part; for example, Mahakali's part is to destroy the entire world, to make everyone lose faith so that the entire world of Brahmins gets devoured by the death like doubt. By doing so, will Mahakali gain victory or will she lose attainments for many births? Is someone's fortune made through establishment or through destruction? Fortune is made through establishment. And by doing destruction, by creating doubt?

कोई आत्मा निश्चय मैं बैठी हुई है। बाप को पहचान रही है, निश्चय है। और उसको अनिश्चय पैदा करा दिया जाए तो पाप बनता है या पुण्य बनता है? पाप बनता है। इसका मतलब जो अनिश्चय कराने वाला है उसको बाप के ऊपर निश्चय है? उसको खुद भी बाप के ऊपर निश्चय नहीं है। बाप के ऊपर निश्चय नहीं है लेकिन सारी दुनियां की हत्या करने के निमित्त बन जाती है कोई आत्मा। तो पावरफुल है या कमजोर है? (जिज्ञासु- पावरफुल है) बहुत पावरफुल है। और ये पावर कहाँ से भरी होगी? (जिज्ञासु- बाप से) बाप से भरी ही होगी। कहाँ भरी होगी? संगमयुग में ही वो पावर भरी है । तुम बच्चे बाप से मिलन मेला मनाते हो। वो मेले तो मैले होने के मेले हैं। और तुम? तुम साफ सुथरे पावरफुल बनने का मेला मनाते हो।

[Suppose] some soul has faith. It is recognizing the Father and it has faith. And if he is made to lose faith, does one accumulate sin or merit? One accumulates sins. It means that does the one who creates doubt have faith on the Father? He himself does not have faith on the Father either. If some soul doesn't have faith on the Father yet, it becomes instrument in killing the entire world; so, is it powerful or weak? (Student: It is powerful.) It is very powerful. And where will it have filled that power? (Student: from the Father.) It must have filled it from the Father Himself. Where will it have filled it? It has filled the *power* in the Confluence Age itself. You children celebrate the *milan mela* (meeting-fair) with the Father. Those are the fairs (*mele*) which make you dirty (*maile*). And what about you? You celebrate the fair (*mele*) to become neat and clean and *powerful*.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

तो जास्ती से जास्ती प्रैक्टिकल इस दुनिया में, ब्राह्मणों की दुनिया में ज्यादा मिलन मेला किसने मनाया? जगदम्बा ने मनाया। संग के रंग की पावर भरी ना। भरी या नहीं भरी? भरी तो, लेकिन गीता का भगवान बुद्धि में कौन बैठा? कृष्ण बच्चे के ऊपर ही श्रद्धा विश्वास भावना बैठी रही। ब्रह्मा की सोल के ऊपर ही भावना पक्की बैठी रही। अगर ये भावना पक्की होती कि गीता का भगवान कृष्ण नहीं है, दादा लेखराज नहीं है, तो वो रुद्र माला का मणका चन्द्रवंशियों की बीज बनती या सूर्यवंशियों की बीज बनती? सूर्यवंशियों की बीज बन जाती। लेकिन अंत तक ये धारणा पक्की बैठी रही कि कृष्ण की आत्मा श्रेष्ठ है। राम वाली आत्मा श्रेष्ठ नहीं है। उसका कारण क्या है?

So, who celebrated the maximum fair of meeting in practice in this world, in the world of Brahmins? Jagdamba celebrated it. She acquired the *power* of the color of company, didn't she? Did she or didn't she? She did fill it, but who sat in her intellect as the God of the Gita? She had veneration, faith and feelings only for the child Krishna. She developed faith only on the soul of Brahma firmly. Had her feeling been strong that the God of Gita is not Krishna, Dada Lekhraj, then would she, a bead of the *Rudramala*[1], have become a seed of the *Chandravanshis*[2] or a seed of the *Suryavanshis*[3]? She would have become a seed of the *Suryavanshis*. But she had this firm belief till the end that the soul of Krishna is elevated. The soul of Ram is not elevated. What is its reason? ... (to be continued.)

Extracts-Part-2

...जगदम्बा तो 108 माला के जो मणके हैं रुद्रमाला के, उनमें ऊपर का मणका है ना, ऊँच स्टेज का। उसकी बुद्धि में ही अगर ऐसी बात बैठी होगी, श्रद्धा, विश्वास निराकार ज्योतिबिन्दु के ऊपर ज्यादा हुआ या साकार के ऊपर हुआ? निराकार के ऊपर श्रद्धा, विश्वास जास्ती है कि वो निराकार ही गीता का भगवान है ज्योतिबिन्दु। ये पक्का विश्वास है। ये बुद्धि में बात बैठती ही नहीं कि वो निराकार साकार में आए बिगर गीता का ज्ञान कैसे सुनाने का निमित्त बनेगा? इस ड्रामा को वो आत्मा चेंज करेगी या नहीं करेंगी? करेगी। उसमें भी जगदम्बा की आत्मा चेंज करने में पहल करेगी या ब्रह्मा की आत्मा पहल करेगी? (जिज्ञासुः जगदम्बा की आत्मा।) जगदम्बा की आत्मा पहल करेगी?

.....Jagdamba is a top bead among the 108 beads of the *Rudramala*, which remains in a high stage, isn't she? If such a thing is in her intellect, then does [it mean that] she has faith on the incorporeal point of light more or on the corporeal one? Hm? She has more faith on the incorporeal one that the God of the Gita is the incorporeal point of light Himself. She has this firm faith. It does not sit in her intellect at all that how the incorporeal one will become an instrument in narrating the knowledge of the Gita without coming in corporeal form. Will that soul change this drama or not? She will. Even in that case, will the soul of Jagdamba take the initiative to change [the drama] or will the soul of Brahma take the initiative? (Student: The soul of Jagdamba.) Will the soul of Jagdamba take initiative?

[1] The rosary of Rudra
[2] Those who belong to moon dynasty
[3] Those who belong to sun dynasty

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

परिवार होता है। परिवार में माँ भी होती है, बड़े बच्चे भी होते हैं, बड़ी कन्याएं माने पुत्रियाँ भी होती हैं, पत्नी भी होती है। सबसे जास्ती पावरफुल कौन होता है? बाप तो पावरफुल होता ही है। लेकिन बाप के बाद सबसे जास्ती पावर कौनसे संबंध में होती है? (जिज्ञासुः बड़ा भाई।) बड़े बच्चे में होती है, न कि पत्नी में। पत्नी में तो पावर संग के रंग की भरी गई है। लेकिन माता का ये गुण है कि मोह में आ जाती है बच्चों के। अगर माताओं में से मोह का अवगुण निकल जाए तो माताएं समझो पास हो गई। घर-घर की ये समस्या है कि माताएं बच्चे पैदा करने के बाद अपने तन की पावर, अपने धन की पावर, मन की पावर, समय, सम्पर्क, सम्बन्धियों की सारी पावर उन बच्चों में, मोह में लगा देती है। माताओं की पावर खलास हो जाती है। बड़े सहज में गीता का भगवान बच्चे को स्वीकार कर लेती है। माता माता का पति अपने बच्चे को मान लेती है। बच्चा ही मेरा सब कुछ है। पति को भी नेगलेक्ट कर देती है। वो शूटिंग आज घर-घर में चल रही है या नहीं चल रही है? चल रही है।

There is a family. In a family there is a mother as well as elder sons [and] elder daughters; there is a wife also. Who is the most powerful one [among them]? Hm? The father is anyway powerful. But after the father which relation is the most powerful? (Student: Elder brother.) There is power in the elder child and not in the wife. The power of the colour of company has been filled in the wife. But it is the virtue of the mother that she develops attachment for the children. If the mothers become free from the vice of attachment, then you can think that the mothers have passed. It is the problem with every home that after giving birth to children, the mothers invest their entire power of the body, entire power of the wealth, of the mind, of their time, contacts and relatives in those children, in attachment. The power of the mothers ends. She accepts the son as the God of the Gita very easily. The mother accepts the child as her husband. [She thinks:] my son alone is everything for me. She neglects even the husband. Is that shooting going on in every home today or not? It is going on.

लेकिन मातायें पुरुषार्थ तो कर रही हैं। कौनसा? नष्टोमोहा स्मृतिर्लब्धा। इस पुरुषार्थ करने में, कराने में, बाप सहयोगी बना हुआ है। सबसे जास्ती माताओं का सहयोगी है, कन्याओं का सहयोगी है या कुमारों-अधरकुमारों का सहयोगी है? (सबने कहा – माताओं का।) माताओं का सहयोगी है। उन माताओं में मुख्य माता कौन है? (सबने कहा – जगदम्बा।) जगदम्बा। जब बाप सहयोगी है, तो बाप अकेला सहयोगी बनता है या कोई साथी बनाता है? जानते हैं कि सुप्रीम सोल बाप खुद कुछ नहीं करता। जो कुछ भी करता है, किसके साथ करता है? बच्चों के साथ करता है। तो बच्चों में पहला नंबर बच्चा कौन है? सृष्टि का पहला पत्ता कौन है? कृष्ण बच्चा। तो कृष्ण बच्चे की आत्मा वो जगदम्बा का अंतिम रूप, जो तमोप्रधान रूप है – महाकाली – उसके मस्तक में प्रवेश है। चंद्रमा दिखाया जाता है, जगदम्बा, महाकाली के मस्तक में? (किसीने कहा-नहीं।) नहीं दिखाया जाता है? दिखाया जाता है। वो ज्ञान चन्द्रमा ब्रह्मा की सोल अभी भी उस आत्मा को इन्स्पिरेट करती है अच्छी बातों के लिए।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

But mothers are indeed making *purusharth*. Which *purusharth*? *Nashtomoha smritilabdha*. The Father is playing the role of a helper (*sahyogi*) in making and enabling you to make this *purusharth*. Does He help the mothers the most, the virgins, the *kumars* (bachelors) or the *adharkumars*? (Everyone said: The mothers.) He helps the mothers [the most]. Who is the main mother among those mothers? (Everyone said: Jagdamba.) Jagdamba. When the Father is a helper, does the Father become a helper alone or does He make anyone else His companion? You know that the Supreme Soul Father does nothing Himself. With whom does He perform any task? He performs it with the children. So, who is the number one child among the children? Who is the first leaf of the world? The child Krishna. So, the soul of child Krishna has entered the forehead of the last form, the *tamopradhan* form of Jagdamba, [i.e.] Mahakali. Is the Moon shown on the forehead of Jagdamba, Mahakali? (Someone said: No.) Is it not shown? It is shown. The soul of the Moon of knowledge Brahma inspires that soul even now for good things.

पहले कृष्ण की सोल की बुद्धि में बैठेगा जो 63 जन्मों से गीता का भगवान सारे मनुष्य मात्र के बुद्धि में पक्का होता चला आया है उस आत्मा की बुद्धि में बैठेगा कि गीता का भगवान कृष्ण नहीं है, रचना नहीं है, गीता का भगवान रचयिता बाप है बीज को बाप कहा जाता है - ये कृष्ण वाली आत्मा की बुद्धि में बैठेगा या जगदम्बा की बुद्धि में पहले बैठेगा? (जिज्ञासु – जगदम्बा।) कृष्ण की बुद्धि में बैठेगा या जगदम्बा की बुद्धि में बैठेगा? अरे, इन्स्पिरेटिंग करने वाली आत्मा कौन है? कृष्ण की आत्मा इन्स्पिरेटिंग पार्टी है। प्रवेश करके जो बात बुद्धि में समझ जाएगी, अच्छी तरह बैठ जायेगी, वो बात बच्चों की बुद्धि में जरूर इन्स्पिरेट करेगी। इन्स्पिरेटिंग पार्टी कौनसी है? जो ब्राह्मण बेसिक नॉलेज में शरीर छोड़ चुके हैं, और शरीर छोड़ने के बाद उनको इस कल्प में दूसरा शरीर नहीं मिलना है अपना, वो एडवांस पार्टी के प्लैनिंग पार्टी बच्चों में प्रवेश करते हैं, और प्रवेश करके उनको इन्स्पिरेट करते हैं, उमंग-उत्साह बढ़ाते हैं।

Will it sit in the intellect of the soul of Krishna first; the God of the Gita that has become firm in the intellect of all the human beings for 63 births; will it sit in the intellect of that soul that the God of the Gita is not Krishna, the creation; the God of the Gita is the creator Father; the seed is called the Father; will this sit in the intellect of the soul of Krishna or in the intellect of Jagdamba? Hm? (Student: Jagdamba.) Will it sit in the intellect of Krishna or in the intellect of Jagdamba? *Arey*, who is the inspiriting soul (i.e. the soul that inspires)? The soul of Krishna is the *inspiriting party*. The thing that he understands, the thing that sits [in his intellect] nicely; he will certainly inspire the children [by making it sit] in their intellect. Which is the *inspiriting party*? The Brahmins who have left the body in the basic knowledge and are not going to get another body of their own in this *kalpa* enter in the children of the planning party of the advance party and they inspire them, increase their enthusiasm by entering them.

तो जगदम्बा का पिता के ऊपर, बाप के ऊपर, जगतपिता के ऊपर तो विश्वास हटा हुआ है या बैठा हुआ है? घर-घर में ये स्थिति है। माताओं का अपने बच्चे के ऊपर इतना मोह हो जाता है कि पति के ऊपर भी विश्वास हट जाता है। मेरा बच्चा ही मेरा बच्चा (सब कुछ) है। बाप के ऊपर तो विश्वास हटा हुआ है। कौनसी आत्मा पे विश्वास बैठा हुआ है? कृष्ण बच्चे के ऊपर विश्वास बैठा हुआ है। तो कौनसी आत्मा की बात मानेगी? बच्चे की बात मानेगी। ड्रामा चेंज करेगी या नहीं करेगी? ऐसा भी टाइम आयेगा कि जगदम्बा अभी जो अपना ड्रामा खराब कर

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

रही है, एडवांस पार्टी की शुरुआत में जिसने अपना भाग्य बनाया था... सबसे जास्ती भाग्य किसने बनाया? कौनसा शहर है जहाँ के लोगों ने, कन्याओं ने, माताओं ने, भाइयों अपना सबसे जास्ती भाग्य बनाने का बीजारोपण किया? दिल्ली। बाप बांधा हुआ है उन आत्माओं को आदि से लेकर अंत तक सबसे जास्ती सहयोग देने के लिए बांधा हुआ है।

So, has Jagdamba lost faith on the Father, on the Father of the world or does she continue to have faith? This is the situation in every house. Mothers develop so much attachment for their children that they lose faith even on the husband. [They think:] My child is my everything. She loses faith on the Father. On which soul does she have faith? She has faith on the child Krishna. So, which soul will she listen to? She will listen to the child. Will she change the drama or not? Such time will also come when Jagdamba, who is spoiling her drama at present, the one who had made her fortune in the beginning of the advance party; who made the maximum fortune? The people, the virgins, the mothers [and] the brothers of which city have sowed the seed of making their maximum fortune? Hm? Delhi. The Father is bound to give maximum cooperation to those souls from the beginning to the end.

और जगदम्बा ने तो आदि में ही नहीं, मध्य में भी बाप का सहयोग दिया। सिर्फ बुद्धियोग की चाबी घूमने की बात है। तो जगदम्बा भी अपना ड्रामा चेंज करेगी। ऐसे नहीं बाप की विरोधी रहेगी और बाप से विरोध पैदा कराती रहेगी। जैसे कि ब्रह्माकुमारियाँ अभी बाप की विरोधी हैं। है कि नहीं? (किसीने कहा-है।) तथा-कथित ब्रह्माकुमारियाँ बाप के विरोध की बातें करती है, बाप की विरोधी है और दूसरों को भी बाप का विरोधी बनाती हैं। उन ब्रह्माकुमारियों, चन्द्रवंशियों की अम्मा कौन? (सबने कहा – जगदम्बा।) जगदम्बा। जो कार्य बड़े करेंगे, बड़ों को देख कर छोटे करेंगे। यज्ञ के आदि में भी ऐसा ही काम किया होगा या कोई दूसरा कार्य किया होगा? यज्ञ के आदि में भी जगदम्बा ने ऐसा ही कार्य किया था। सारा ब्राह्मण परिवार विरोधी हो गया था।

And Jagdamba cooperated with the Father not just in the beginning, but also in the middle. It is just a question of rotating the key of the intellect. So, Jagdamba will also change her drama. It is not that she will continue to oppose the Father and continue to create opposition for the Father, just as the Brahmakumaris are opponents (*virodhi*) of the Father now. Are they His opponents or not? (Someone said: they are.) The so-called Brahmakumaris speak opposite to the Father; they are the Fathers opponents and make others the Father's opponents as well. Who is the mother of those Brahmakumaris, *Chandravanshis*? Hm? (Everyone said: Jagdamba.) Jagdamba. The young ones will follow whatever the elders do. Would she have performed a similar task in the beginning of the *yagya* too or would she have performed any other task? Jagdamba had performed a similar task in the beginning of the *yagya* as well. The entire Brahmin family had become an opponent. ... (to be continued.)

Extracts-Part-3

समयः 21.50-25.58

बाबाः प्रश्न आया है कि जो महापापी होते हैं, महापाप करने वाले होते हैं, वो ही आपघाती महापापी आत्महत्या या दूसरों की हत्या या अकाले मौत में शरीर छोड़ने वाले बनते हैं सूक्ष्म शरीर धारण करते हैं। तो ब्रह्मा बाबा ने ऐसा कौनसा महापाप किया? और कब किया? कोई की

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बुद्धि में आता है जवाब कि नहीं? बोलो। नहीं आता? अरे कमाल है! (जिज्ञासुः खुद को गीता का भगवान समझ लिया।) गीता के भगवान को? (जिज्ञासुः खुद समझ लिया) हाँ। अपना भगवान समझ लिया, बाप समझ लिया। जबकि उससे पहले क्या था? उससे पहले प्रजापिता की ही बात मानकरके ज्ञान में चल पड़े। बाप को पहचाना तो एक सेकण्ड के लिए। धंधाधोरी, सब छोड़ के सत्संग में लग पड़ा ना। सब कुछ त्याग कर दिया बाप की बात पर। फिर क्या हुआ? सबसे बड़ा पाप कौनसा बन गया? भगवान को पहचान कर अंजाम करके फिर बाप को त्याग देना मनमत पर चल पड़ना, या मनुष्य गुरुओं की मत पर चल पड़ना, देहधारियों से आकर्षित हो जाना, ये हुआ सबसे बड़ा पाप। एक सच्चे बाप को छोड़कर और किसका आधार ले लेना? गुरुओं का आधार लेना।

Time: 21.50-25.58
Baba: A (written) question has been asked: those who are the most sinful ones, those who commit terrible sins, those very ones who commit suicide (*aapghati*) and are the most sinful ones (*mahaapapi*); they commit a suicide or kill others or die an untimely death [and] take on a subtle body. So, which terrible sin did Brahma Baba commit? And when did he commit it? Does the reply come to anybody's intellect or not? Speak up. Does it not come [to your intellect]? *Arey*, what a wonder! (Student: He considered himself to be the God of the Gita.) The God of the Gita? (Student: He considered himself...) Yes. He considered [himself] to be the God, he considered [himself] to be the Father, whereas what was he before that? Before that he obeyed Prajapita's versions and started following the path of knowledge. He did recognize the Father for a second, didn't he? He left the business and everything and became involved in the *satsang*, didn't he? He gave up everything on the words of the Father, didn't he? Then what happened? Which was the most terrible sin that he committed? After recognizing God, after making a promise, to leave the Father and follow the mind's opinion or follow the opinion of human gurus, or to be attracted to bodily beings, this is the most terrible sin. Leaving the one true Father and taking whose support? Taking the support of the gurus.

गुरुओं में सबसे बड़ा गुरु कौन? अरे, गुरु, इतने मनुष्य गुरु हैं दुनियां में, उन मनुष्य गुरुओं में सबसे बड़ा गुरु कौन जो सबसे ज्यादा सत्यानाशी साबित हो गया? (किसी ने कहाः ब्रह्मा।) कौनसा ब्रह्मा? ब्रह्मा तो चार पांच हैं। (किसी ने कहाः प्रजापिता ब्रह्मा।) प्रजापिता ब्रह्मा। हाँ। (जिज्ञासु – दादा लेखराज) दादा लेखराज? वो ही सबसे बड़ा गुरु है। वो किसी गुरू को नहीं मानता? अरे, जो सबसे बड़ा गुरु होगा वो थोड़ों की बुद्धि को चेंज करेगा या ह्यूज (huge) की बुद्धि को चेंज करेगा? अरे, थोड़ों की बुद्धि को अनिश्चयबुद्धि बनाएगा या ढ़ेरों की बुद्धि को अनिश्चयबुद्धि बनाएगा? ढ़ेरों की बुद्धि को अनिश्चयबुद्धि बनाएगा। वो कौन? अरे ब्रह्मा ने यज्ञ के आदि में दूसरे धर्म की आत्माओं को अपनी गोद में संरक्षण दे दिया। लेकिन किसकी मत पर दिया? (जिज्ञासु – माता की मत पर) माता की मत पर दिया। तो बड़ा गुरु कौन हुआ? माता गुरु हो गई। वो ही माता अभी फिर निमित्त बनने वाली है। ब्रह्माकुमारियों ने तो कोई खास विनाश नहीं कर पाया। एडवांस पार्टी अभी भी जमी की जमी पड़ी है। बड़ा विनाश कब होगा? जब जगदम्बा महाकाली के रूप में जो दोनों हाथों में झाड़ू लेकर खड़ी हुई हो। मैदान में आ जाएगी ।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Who is the biggest guru among all gurus?☺ *Arey*, there are so many human gurus in the world; among those human gurus, who is the biggest guru who may prove to be the most destructive? (Someone said: Brahma.) Which Brahma? There are four-five Brahma. (Someone said: Prajapita Brahma.) Prajapita Brahma. Yes☺. (Student: Dada Lekhraj.) Dada Lekhraj? Why? Is he alone the biggest guru? Does he not accept any guru? *Arey*, will the biggest guru change the intellect of few people or will he change the intellect of a *huge* number of people? *Arey*, will he make few people have a doubtful intellect or will he make numerous people have a doubtful intellect? He will make numerous people have a doubtful intellect. Who is he? *Arey*, Brahma gave protection to the souls of other religions in his lap in the beginning of the *yagya*. But on whose opinion did he give [them protection]? Hm? (Student: On the opinion of the mother.) He gave them [protection] on the opinion of the mother. So, who is the biggest guru? The mother guru became [the biggest guru]. The same mother is going to become instrument now once again. Brahmakumaris could not do much destruction. The Advance Party is still standing intact. When will the big destruction take place? It will take place when Jagdamba stands with broom in both hands in the form of Mahakali [and] comes to the battlefield.

समयः 26.10-26.40

जिज्ञासुः अंतर्मुखी का अर्थ चाहिए।

बाबाः अंतर्मुखी। मुख जो है वो बाहर को आवाज़ निकालता है। वायब्रेशन बाहर फैलाता है। दूसरों को भी असर करता है। लेकिन बाहर की आवाज़ करने के बजाय अंदर ही अंदर मनन-चिंतन-मंथन करना, अंदर ही अंदर फैसला करना – क्या राईट है, क्या रांग है – वो है अंतर्मुखी।

Time: 26.10-26.40
Student: I wish to know the meaning of '*antarmukhi*'.
Baba: *Antarmukhi* (introvert). The *mukh* (mouth) throws the sound out. It spreads the vibration outside. It affects others as well. But instead of sending sounds outside, to think and churn inside, to make a decision in the mind: what is right, what is wrong is called *antarmukhi*.

समयः 26.56-33.20

बाबाः तो महापापी ब्रह्मा की लिस्ट में हुआ, कौन? अभी जवाब सही नहीं आया है। यहाँ सूक्ष्म शरीर धारण करने वालों की बात आई है। जिनकी अकाले मौत होती है, वो सूक्ष्म शरीर धारण करते हैं। वो अकाले मौत आत्म या जीवघात से भी होती है। कोई दूसरा हत्या कर दे तो भी होती है। हार्टफेल हो जाए अचानक तो भी होती है। तो क्या उस लिस्ट में प्रजापिता नहीं आवेगा? नहीं आवेगा? क्यों? (किसी ने कहा: प्रजापिता का हार्टफेल थोड़े ही होता है, बाबा।) प्रजापिता का हार्टफेल तो चलो नहीं होता। कोई हत्या तो कर सकता है। (किसी ने कहा: नहीं कर सकता।) नहीं कर सकता है? मुरली में तो बोला है – दुनियां की ऐसी कोई बात नहीं जो तेरे ऊपर लागू न होती हो। बोलो। दुनियां की ऐसी कोई बात नहीं...।

Time: 26.56-33.20 (Baba is continuing the answer to the previous question)
Baba: So, who is included in the list of the most sinful Brahma? The correct reply has not come yet. The topic of those who take a subtle body has been asked. Those who meet an untimely death take on a subtle body. That untimely death occurs due to suicide as well. It takes place even if someone else kills [someone]. It takes place even if someone has a heart failure suddenly. So, will Prajapita not be included in that list? (Someone said: No, Baba.) No Baba? Will he not

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

be included? Why? (Someone said: Prajapita doesn't suffer a heart failure, Baba.) Ok, Prajapita doesn't suffer a heart failure. Someone can indeed kill him. (Someone said: He cannot.) Can't anyone [kill him]? It has been said in the murli: There is nothing in the world which is not applicable to you☺. Speak up. There is nothing in this world...

सारी दुनियां का बीज कौन? जगदम्बा है या जगतपिता है? (सबने कहा – जगतपिता) तो महापुण्यात्मा की लिस्ट में कौन आता है? अरे, बड़े ते बड़ा देवता, महा पुण्यात्मा कौन बनता है? (किसी ने कहा – जगदम्बा) वो माता कह रही है जगदम्बा बनती है। महादेव बनता है ना। तो बड़े ते बड़ा जो पुण्यात्मा बनता है तो ज्ञान क्या कहता है? कि जो बड़े ते बड़ा पुण्यात्मा बनता है वो ही क्या बनेगा? बड़े ते बड़ा पापात्मा बनता है। कुछ भी हो जाए, निश्चय अटल बना रहे, छोड़ करके न भागे। तो यज्ञ के आदि में राम वाली आत्मा यज्ञ छोड़ कर भागी या नहीं भागी? इतना बड़ा ब्राह्मणों का संगठन, उसका फाउन्डेशन जमाया और फिर विरोध हो गया तो ब्राह्मण परिवार का विरोधी बन गई। संगठन का विरोधी बन गई। भले ब्राह्मणों का वो संगठन गलत रास्ते को अपनाए हुए था। अगर परिवार का स्वामी, परिवार का मुखिया, सारा परिवार विरोधी रास्ते को पकड़ ले, पाप के रास्ते को पकड़ ले, उसका फर्ज़ बनता है कि वो सन्यासी बन जाए? उस घरबार को, परिवार को छोड़करके भाग जाए? विरोधी बन जाए? परिवार के सदस्यों का ही विरोधी बन जाए, ये ठीक है क्या? नहीं ठीक है।

Who is the seed of the entire world? Is it *Jagdamba* or *Jagatpita* (the world father)? (Everyone said: *Jagatpita*) So, who is included in the list of the noblest soul (*mahapunyatma*)? *Arey*, who becomes the highest deity, the noblest soul? (Someone said: *Jagdamba.*) That mother is saying that *Jagdamba* becomes [the noblest soul]. *Mahadev* becomes [the highest deity, the noblest soul], doesn't he? So, when he becomes the noblest soul; what does the knowledge say? [It says] that the one who becomes the noblest soul, he himself will become what? He becomes the most sinful soul. Whatever may happen, the faith should remain unshakeable. One should not run away. So, did the soul of Ram run away leaving the *yagya* in the beginning of the *yagya* or not? He laid the foundation for such a big gathering of Brahmins and when opposition began, he became an opponent of the Brahmin family. He became an opponent of the gathering. Although that gathering of Brahmins had adopted a wrong path... If the entire family adopts an opposite path, if it chooses the path of sin, then is it the duty of the lord of the family, the head of the family to become a *sanyasi*, to run away from that household, from that family [and] to become an opponent? Is it correct if he becomes the opponent of the very members of the family? It is not correct.

बाप, बाप है। टीचर, टीचर है। गुरु, गुरु है। ये तीन संबंध कभी भी अकल्याणकारी नहीं होने चाहिए। अगर अकल्याणकारी हैं तो तामसी हैं। इसलिए ब्रह्मा से बड़े ते बड़ा पाप नहीं हुआ। जगदम्बा से भी बड़े ते बड़ा पाप नहीं हुआ। सबसे बड़ा पाप किसके द्वारा हुआ? किसके द्वारा हुआ? (जिज्ञासु – प्रजापिता) प्रजापिता के द्वारा हुआ। जिसके लिए बोला गया: राम फेल हो गया। राम फेल हो गया तो क्या सीता बच गई? वो भी नहीं बची। हाँ, नम्बरवार की लिस्ट में हैं। और? ये तो पूरा पढ़ लेने दो। इसका मतलब ब्रह्मा और ब्रह्मा के फालोअर्स सबसे बड़ा पाप कौनसा करते हैं? अरे? (किसी ने कुछ कहा।) हाँ, दूसरों की मत पर चलने लग पड़ते। एक को छोड़ अनेकों को

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

फालो करते हैं। जब मालूम पड़ गया कि शिव बाप ब्रह्मा के तन में आकरके वाणी चलाता है। ब्रह्मम् वाक्यम् जनार्दनम् – शास्त्रों में भी लिखा हुआ है – ब्रह्मा के मुख से वेदवाणी निकली। तो वेदवाणी के ऊपर पक्का हो जाना चाहिए ना। मुरली की बातों पर ध्यान नहीं देना और दीदी, दादी, दादाओं की मत पर लट्टू होकरके घूमना, नाचना, ये हुआ सबसे बड़ा पाप, महापाप। जिसकी वजह से सूक्ष्म शरीर धारण करना पड़े। आपघाती महापापी बनना पड़े।

The Father is a father. The teacher is a teacher. The guru is a guru. These three relationships should never be harmful. If they are harmful, they are impure. This is why Brahma did not commit the biggest sin. Jagdamba did not commit the biggest sin, either. Who committed the biggest sin? Who committed it? (Student: Prajapita.) It was committed through Prajapita, for whom it has been said: Ram failed. When Ram failed, did Sita remain unaffected? She was not unaffected, either. Yes, she is number wise in the list. So, this means which is the biggest sin that Brahma and the followers of Brahma commit? *Arey*! (Someone said something.) Yes, they start following others' opinion. They leave one and start following many. When they have come to know that the Father Shiva comes in the body of Brahma and narrates the *vani... Brahmam vaakyam janardanam*[4]. It has been written in the scriptures as well that the *Vedvani* emerged from the mouth of Brahma. So, they should have complete faith on the *Vedvani*, shouldn't they? If someone doesn't pay attention to the topics of the murli and acts under the influence of the opinion of the *didis*, *dadis* and *dadas*, this is the biggest sin due to which he has to take on a subtle body. He will have to become the most sinful one who commits suicide (*aapghati mahapapi*). ... (to be continued.)

Extracts-Part-4

समयः 33.40-38.25

बाबाः सच्चा स्नेह क्या होता है, और झूठा स्नेह क्या होता है? इसकी परिभाषा क्या है? कोई के पास जवाब है? अरे कुछ तो बोल दो। (जिज्ञासु – आत्मिक स्नेह सच्चा प्यार है।) आत्मिक स्नेह क्या होता है? देह का स्नेह क्या होता है? आत्मा दिखाई नहीं पड़ती है। तो आत्मा माना मन-बुद्धि। मन-बुद्धि अंदर की चीज़ है कि बाहर की चीज़ है? अंदर की चीज़ है। जो अंदर की चीज़ है, उसे अंदरूनी रहने में ज्यादा ताकत है या बाहर दिखाई दे, उसमें ज्यादा ताकत है? मन-बुद्धि की पावर वो वायब्रेशन की पावर जब काम करे तो ज्यादा पावरफुल होगी या वाचा के रूप में आ जाए, कर्मेन्द्रियों से कर्म करने के रूप में आ जाए तब ज्यादा काम करेगी? वायब्रेशन के रूप में जितनी जास्ती अंदरूनी पावर रहेगी, गुप्त रहेगी उतना ज्यादा काम करेगी। ऐसे ही जगतमाता, जगदम्बा है। प्रकृति का रूप है। वो दिल का प्यार चाहती है या देह का प्यार चाहती है? देह का प्यार तो बहुतों ने किया, 500 करोड़ जो भी बच्चे हैं ।

Time: 33.40-38.25

